-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 23.01.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **क्रूरतापूर्वक वाहन में क्षमता से अधिक बेजुबान पशुओं को लादकर ले जाते समय 06 अभियुक्तों को थाना कमासिन पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।**
- **एक पिक-अप व डीसीएम में 34 भैंसे व 10 पड़वा लेकर सीधी म0प्र0 से फतेहपुर व उन्नाव ले जा रहे थे अभियुक्त। चेकिंग के दौरान कस्बा कमासिन के पास से किया गया गिरफ्तार।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व क्षेत्राधिकारी बबेरु श्री सौरभ सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 23.01.2025 को थाना कमासिन पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान कस्बा कमासिन से 06 अभियुक्तों को एक पिक-अप व एक डीसीएम में क्रूरतापूर्वक पशुओ को लादकर ले जा रहे कुल 34 भैंसे व 10 पड़वा बरामद किया गया है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि पिक-अप में लदे 11 भैंसे व 02 पड़वा ग्राम सेमरिया सीधी (म0प्र0) से जनपद फतेहपुर व डीसीएम में लदे 23 भैंसे व 08 पड़वा ग्राम छवारी सीधी (म0प्र0) से उन्नाव ले जा रहे थे।

बरामदगी-

- 34 नग भैंसे व 10 नग पड़वा
- 01 अदद् पिक-अप (परिवहन में प्रयुक्त)
- 01 अदद् डीसीएम (परिवहन में प्रयुक्त)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. सनी सिंह उर्फ गुल्लू पुत्र बड़े सिंह निवासी सेमरिया, जनपद रीवां (म0प्र0)।
2. अमन कोल पुत्र कल्लू कोल निवासी सेमरिया जनपद रीवां (म0प्र0)।
3. मोहम्मद सहिजाद पुत्र शेरअली निवासी हटवा कमर्जी जनपद सीधी (म0प्र0)।
4. अख्तर खां पुत्र वाहिद खां निवासी छवारी, मझौली जनपद सीधी (म0प्र0)।
5. अरविंद चौधरी पुत्र रामनाथ निवासी सेमरिया, जनपद रीवां (म0प्र0)।
6. रावेन्द्र दीवान पुत्र रामदीन दीवान निवासी छवारी, मझौली जनपद सीधी (म0प्र0)।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 14/25 धारा 11(1)(डी) पशु क्रूरता निवारण अधि0 1960 थाना कमासिन जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. थानाध्यक्ष कमासिन श्री अजीत प्रताप सिंह
2. उ0नि0 श्री पवन कुमार पाण्डेय
3. हे0कां0 अश्वनी प्रताप सिंह
4. हे0कां0 नितीश द्विवेदी
5. कां0 संदीप कुमार
6. कां0 मनीष शुक्ला